तारीख हुक्म	न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, श्रीमाधोपुर (सीकर) सुवालाल बनाम नूराराम वगै हुक्म या कार्यवाही मय लघुहस्ताक्षर जज प्रार्थना पत्र मु. नं. 10/2021	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तालीम में जारी हुए
28.02.2022	पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उभय पक्षकारान् उपस्थित। वकील प्रार्थीगण ने अप्रार्थीगण के नोटिस तामीलों पर तामील आदेश किये जाने का निवेदन किया। वकील प्रार्थीगण के निवेदन पर प्राप्त नोटिस तामीलात् का अवलोकन किया गया। जिनके अवलोकन से अप्रार्थी संख्या 2 लगायत 4 की तामील एक वर्ष पूर्व असालतन होकर लौटी है। बावजूद तामील हाजिर अदालत नहीं आने पर अप्रार्थी संख्या 2 लगायत 4 के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रकरण से सम्बन्धित मूल वादपत्र के बंटवारा से सम्बन्धित होने से वकील प्रार्थीगण व वकील अप्रार्थी सं. 1 ने मूल वादपत्र में प्रारम्भिक डिक्री जारी किये जाने का निवेदन किये जाने पर मूल वादपत्र में आज प्रारम्भिक डिक्री जारी की जा चुकी है। मूल वादपत्र में प्रारम्भिक डिक्री जारी हो जाने से मौका कमिश्नर प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी जाने का कोई औचित्य प्रतित नहीं होता है। अतः ऐसी स्थिति में वकुलाय उभय पक्षकारान् की सहमति के आधार पर प्रार्थना पत्र मौका कमिश्नर व मूल प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा को इसी स्तर पर खारीज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तुक़मील दाखित दफ्तर हो। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। Rathore 20/04/22 (दिलीप सिंह) **उपखण्ड अधिकारी, श्रीमाधोपुर (सीकर)** Signature Not Verified Digitally signed by Dilip Singh Date: 2022.04.22 10:52:03 IST Reason: SelfAttested	